कार्यालय प्रबन्ध निदेशक
लखनऊ सिटी ट्रॉसपोर्ट सर्विसेज लि0
केन्द्रीय नगर बस टर्मिनल चारबाग, लखनऊ।
ई–मेल आई0डी0–mdlctsl2012@gmail.com

पत्रांकः 3924 एलसीटी / 21–संविदा परि0भर्ती / 21 दिनांक 30 नवम्बर 2021

संविदा परिचालक पद के लिये आवेदन करने वालें अभ्यर्थियों हेतु सूचना

लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड में संविदा के आधार पर 326 संविदा परिचालकों की आवश्यकता के सम्बन्ध में विज्ञापन संख्या 3279 एलसीटी / 21–संविदा परि0भर्ती / 21 दिनांक 13.10.2021 दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण आई–नैक्स के प्रकाशन दिनांक 15.10.2021 में प्रकाशित कराया गया था जिसमें आनलाईन आवेदन करने की तिथि दिनांक 18.10.2021 की प्रातः 00.01 से दिनांक 27.10.2021 की रात्रि 11.59 बजे तक निर्धारित की गयी थी। उक्त अवधि में प्राप्त आवेदनों में मेरिट सूची के आधार पर आवश्यकता विभिन्न वर्गो के आवेदकों को प्रपत्रों की चेकिंग के लिये चारबाग स्थित कार्यालय बुलाया जा रहा है।

संज्ञान में आया है कि **कुछ धोखेबाज व्यक्तियों द्वारा आवेदकों से दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क कर डिजिटल माध्यम से धनराशि हस्तान्तरित किये जाने के निर्देश दिये जा रहें है जिससे लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड का कोई भी सम्बन्ध नही है** तथा इस सम्बन्ध में इस स्तर से वैधानिक कार्यवाही भी की जा रही है।

अतः समस्त कथित आवेदकों को सूचित किया जाता है कि **लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड द्वारा मात्र एस0एम0एस0 व वेबसाईट के माध्यम से चारबाग बस स्टेशन स्थित प्रबन्ध निदेशक कार्यालय में प्रपत्रों के सत्यापन व प्रतिभूति की धनराशि जमा करायी जा रही है। यदि दूरभाष के माध्यम से किसी व्यक्ति द्वारा आवेदको से डिजिटल माध्यम से भुगतान किये जाने की अपेक्षा की जाती है तो आवेदकों से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार का भुगतान न करें।** यदि किसी आवेदक द्वारा डिजिटल भुगतान किया गया / जाता है तो लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड को कोई उत्तरदायित्व नही होगा।

(पी0के0बोस)
प्रबन्ध निदेशक